## खास-खबरें

### प्रबंध संचालक ने किया कृषि उपज मंडी का आकस्मिक निरीक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेली:** नगर की कृषि उपज मंडी में 14 अगस्त को मंडी बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान किसानों, व्यापारियों, हम्मालों एवं तुलावटियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। प्रबंध संचालक ने कहा कि किसानों को सरल, पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना मंडी बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को किसान हित को केंद्र में रखते हुए व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी और सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंडी सचिव ऋतु गढ़वाल, अधीक्षण यंत्री मधुकर पवार, कार्यपालन यंत्री एससी गोयल, सहायक यंत्री आनंद योगी, उपयंत्री एनसी जाटव एवं मंडी लेखापाल दीपिका धुर्वे सहित मंडी स्टाफ मौजूद रहा।

### चौरसिया समाज ने हर्षोल्लास से मनाया नाग पंचमी पर्व




**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** चौरसिया समाज द्वारा मानस भवन में नाग पंचमी पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की पूजा-अर्चना और अभिषेक के साथ हुआ। समाज के स्वजातीय बंधुओं ने परिवार सहित भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव और महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अंशुलिका रोहित भावसार अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने भगवान शंकर-पार्वती और शेषनाग की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया।

### सीएम हेल्पलाइन एवं जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर का अभिनव प्रयास



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा:** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न समस्याओं के त्वरित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए एक अभिनव प्रशासनिक पहल करते हुए जिले के विभिन्न अनुविभागों में वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष तैनाती की। इस नवाचार के तहत अपर कलेक्टर सहित कुल 26 जिला अधिकारियों को तहसील एवं अनुविभागीय मुख्यालयों पर भेजा गया, जहां उन्होंने स्थानीय स्तर पर लंबित शिकायतों और जनसमस्याओं की समीक्षा कर उनके समाधान की प्रक्रिया को गति दी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने दिन के प्रथम सत्र में आयोजित टीएल बैठक में जिला मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागों में तैनात अधिकारियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के साथ-साथ विभिन्न विभागों से संबंधित व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि केवल शिकायतों की संख्या कम करना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का वास्तविक, संतोषजनक और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए तुलसीराम सम्मानित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** नगरपालिका में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत तुलसीराम परमार को उत्कृष्ट शासकीय कार्य के लिए स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। तुलसीराम परमार को मिली इस उपलब्धि पर विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र मेवाड़ा, कमलेश कटारे, हरीश सोलंकी, अशोक शर्मा, सीताराम यादव आदि ने शुभकामनाएँ दी हैं।

# नकली कीटनाशक प्रकरण में 3 हजार रैपर जब्त, कार्रवाई में देरी पर उठे सवाल

**8 दिन बाद पुलिस को सूचना, फिर 23 दिन की देरी से दर्ज हुआ मामला**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा:** किसानों से जुड़े नकली कीटनाशक के कथित अवैध कारोबार का मामला सामने आने के बाद अब पुलिस कार्रवाई के साथ कृषि विभाग की भूमिका और कार्रवाई की प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक-2 स्थित एक मकान से नामी कृषि कंपनियों के करीब 3 हजार खाली रैपर एवं पैकिंग सामग्री बरामद किए जाने की जानकारी सामने आई है। मामले में कृषि विभाग की कार्रवाई और पुलिस प्रकरण दर्ज होने के बीच का समय भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार कृषि विभाग ने 14 जुलाई को कार्रवाई करते हुए रैपर जब्त किए थे। इसके बाद 22 जुलाई को पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने 14 अगस्त को प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इस तरह कृषि विभाग की कार्रवाई के करीब आठ दिन बाद पुलिस को सूचना दी गई, जबकि पुलिस को सूचना मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज होने में करीब 23 दिन का समय लगा।

**22 जुलाई से 14 अगस्त के बीच क्या हुआ?:** मामले में सबसे बड़ा सवाल 22 जुलाई के बाद की अवधि को लेकर उठ रहा है। यदि पुलिस को 22 जुलाई को सूचना दी गई थी तो 14 अगस्त तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह जांच का विषय है। क्या कृषि विभाग ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया था? क्या वरिष्ठ अधिकारियों ने थाना, एसडीओपी या एसपी स्तर पर कार्रवाई के लिए संपर्क किया? क्या एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोई रिमाइंडर दिया गया? इन सवालों पर विभाग की ओर से स्थिति स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है।

**असली सप्लायर तक पहुंचेगी जांच?:** स्थानीय स्तर पर यह जानकारी भी सामने आ रही है कि संबंधित परिवारों से जुड़े कुछ लोग दैनिक मजदूरी अथवा घर से पैकिंग संबंधी कार्य करते हैं। यदि जांच में यह तथ्य सही पाया जाता है तो यह भी पता लगाना जरूरी होगा कि रैपर किसने उपलब्ध कराए, पैकिंग का काम किसने दिया, कच्चा माल कहां से आया और तैयार माल को कहां भेजा जाना था।

जांच का महत्वपूर्ण पहलू यह भी होगा कि क्या इस पूरे मामले में किसी कीटनाशक व्यापारी, सप्लायर या अन्य कारोबारी की भूमिका है। पुलिस की जांच यदि केवल पैकिंग करने वाले लोगों तक सीमित रहती है या कथित नेटवर्क के अन्य लोगों तक पहुंचती है, यह आगे की कार्रवाई से स्पष्ट होगा।

**कृषि विभाग की भूमिका भी जांच के दायरे में :** मामले में कृषि विभाग के अधिकारियों से कार्रवाई से संबंधित जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आने की बात कही गई है। ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि 14 जुलाई को कार्रवाई किस अधिकारी के नेतृत्व में हुई, कितनी सामग्री जब्त की गई, जब्ती पंचनामा कब तैयार हुआ और 22 जुलाई को पुलिस को सूचना किस अधिकारी ने दी।

### चार लोगों को बनाया आरोपी



पुलिस ने मामले में सुरेंद्र कुमार पंवार, प्रीति पंवार, प्रिया उईके और सावित्री पंवार को आरोपी बनाया है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र पंवार के आधिपत्य वाले मकान से करीब 3 हजार खाली पैकिंग रैपर बरामद किए गए थे। इतनी बड़ी संख्या में नामी कंपनियों के रैपर मिलने के बाद यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि ये रैपर वहां कैसे पहुंचे और इनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।

यह भी जांच का विषय है कि 22 जुलाई से 14 अगस्त के बीच विभाग ने पुलिस से कार्रवाई के लिए कितनी बार संपर्क किया। नकली कीटनाशक से जुड़े मामलों में समय पर कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जाती है। देरी की स्थिति में यदि कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय था तो संबंधित लोगों को सामग्री हटाने या साक्ष्य प्रभावित करने का अवसर मिलने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

**अज्ञात व्यक्ति की भूमिका भी अहम:** कार्रवाई के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति के मौके से फरार होने की जानकारी भी सामने आई है। उसकी पहचान और भूमिका स्पष्ट होने पर मामले में कथित नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।

**एसपी कार्यालय पहुंचा मामला:** कार्रवाई में देरी को लेकर पाइरेसी डिफेंस फोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय पंडित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात की थी और शीघ्र कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 464/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

अब जांच का महत्वपूर्ण पहलू यह होगा कि पुलिस केवल रैपर और पैकिंग से जुड़े आरोपियों तक सीमित रहती है या उन लोगों तक भी पहुंचती है, जिन्होंने कथित तौर पर रैपर एवं सामग्री उपलब्ध कराई और तैयार उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने का काम किया। मामले की वास्तविक तस्वीर पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

### युवा संगम कार्यक्रम में विदिशा जिला प्रदेश में प्रथम, कलेक्टरको मिला प्रशंसा पत्र



**विदिशा।** जिले में युवाओं को रोजगार, अप्रेंटिसशिप और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को प्रदेश स्तर पर सराहना मिली है। रोजगार संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा कलेक्टर अंशुल गुप्ता को युवा संगम कार्यक्रम में बहुमूल्य योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। रोजगार संचालनालय द्वारा जारी प्रशंसा पत्र में उल्लेख किया गया है कि जुलाई 2026 में विदिशा जिले द्वारा युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं आकांक्षी युवाओं के लिए स्वरोजगार संबंधी गतिविधियों का प्रभावी एवं उल्लेखनीय आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत विदिशा जिले को पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त हुई है।

रोजगार आयुक्त मध्यप्रदेश गिरीश शर्मा ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को संबोधित प्रशंसा पत्र में जिले की उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों को प्रशंसनीय बताया है।

## कुबेरेश्वर धाम में 13 संदिग्ध महिलाएं हिरासत में

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** सुप्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मंडी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत 13 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि यह कार्रवाई मंडी थाना पुलिस द्वारा की गई है। कुबेरेश्वर धाम में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व और अपराधी जेबकतरी, मोबाइल छीनने, सोने की चेन स्नेचिंग और सामान चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं।

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस लगातार व्यापक प्रबंध कर रही है। हिरासत में ली गई 13 संदिग्ध महिलाओं में से कुछ के खिलाफ झगड़े-विवाद और न्यूसेंस फैलाने की आशंका पर प्रतिबंधात्मक गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। अन्य महिलाओं से चोरी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों के संबंध में पूछताछ जारी है।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि : पुलिस:** धाम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विशेष रणनीति अपना रही है। एडिशनल एसपी ने बताया कि पुलिस टीमें सादे कपड़ों में तैनात होकर गोपनीय तरीके से निगरानी कर रही हैं।

इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या आपराधिक प्रयास को समय रहते रोका जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। असामाजिक तत्वों और अपराधियों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### नागपंचमी पर वन विभाग का सर्प जागरूकता अभियान, 11 सपेरों के कब्जे से सांप मुक्त कराए

**देवास।** नागपंचमी के अवसर पर मध्य प्रदेश के देवास जिले में वन विभाग और पर्यावरण मित्रों ने नगर में सर्प संरक्षण एवं जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान करीब 11 सपेरों के कब्जे से सर्पों को मुक्त कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। जांच में कुछ सर्पों के मुंह धागे से सिले होने की बात भी सामने आई, जिससे वे अपना मुंह तक नहीं खोल पा रहे थे। अभियान के दौरान वन विभाग और पर्यावरण मित्रों की टीम ने सपेरों के कब्जे में रखे सर्पों को सुरक्षित मुक्त कराया। अधिकारियों के अनुसार, कुछ सर्पों के मुंह धागे से सिले पाए गए। इस अमानवीय स्थिति से मुक्त कराने के बाद सभी सर्पों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और उनके प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया गया। आमजन को बताया गया कि सर्प मांसाहारी जीव हैं और उन्हें दूध पिलाना उनके स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं है।

## विधायक ने कांवड़ यात्रियों का किया स्वागत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, आष्टा:** श्रावण मास में आष्टा क्षेत्र में कांवड़ यात्राओं का सिलसिला जारी है। सोमवार को नेमावर से नर्मदा जल लेकर ग्राम मैना लौट रही श्री महाकाल मित्र मंडल की 51 सदस्यीय कांवड़ यात्रा का आष्टा पहुंचने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भव्य स्वागत किया। वहीं आष्टा से कुबेरेश्वर धाम जा रही कांवड़ यात्रा के जत्थे का भी किलेरामा पहुंचकर विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत-सम्मान किया।

नेमावर से नर्मदा जल लेकर मैना लौट रही कांवड़ यात्रा के आष्टा पहुंचने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर कन्नौद रोड से कांवड़ यात्रियों के साथ कांवड़ लेकर विधायक कार्यालय पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और रामनामी दुपट्टे पहनाकर सम्मान किया। इसके बाद सभी को स्वल्पाहार कराया गया।

विधायक ने 51 लीटर नर्मदा जल कांवड़ में लेकर चल रहे कांवड़धारी संदीप बारोड़ और यात्रा के प्रमुख राकेश माहेश्वरी का साफा बांधकर सम्मान किया। यात्रा प्रमुख ने बताया कि 11 अगस्त को ग्राम मैना से शुरू हुई यात्रा सात दिनों में करीब 220 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर 17 अगस्त को मैना में संपन्न होगी। यात्रा में 51 सदस्य शामिल हैं। विधायक ने सभी कांवड़ यात्रियों को यात्रा पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दीं। स्वागत-सम्मान के बाद कांवड़ यात्रा मैना के लिए रवाना हुई।

इधर, रविवार सुबह पार्वती नदी से पवित्र जल भरकर आष्टा से कुबेरेश्वर धाम के लिए युवाओं की कांवड़ यात्रा रवाना हुई। शंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के बाद कांवड़िए यात्रा पर निकले। किलेरामा पहुंचने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया। कांवड़िए पवित्र जल लेकर कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे और बाबा का जलाभिषेक करेंगे। विधायक सहित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुखद और मंगलमय यात्रा की कामना की।

## पैमत में 1.63 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन:** सांची विकासखंड के ग्राम पैमत में 162.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का सोमवार को सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम पंचायत पैमत के अंतर्गत आंगनवाड़ी भवन बगरोदा का भी लोकार्पण किया।



विधायक डॉ. चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। नए स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से पैमत और आसपास के ग्रामीणों को सामान्य उपचार, जांच और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और आवागमन पर होने वाला खर्च भी बचेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री ने बताया कि नवीन भवन में बड़ा इंट्रेंस एरिया, माइनर ओटी, कोल्ड चेन रूम, टीकाकरण कक्ष, पुरुष एवं महिला वार्ड, नर्स वार्ड, प्रतीक्षालय, दो मेडिकल ऑफिसर कक्ष, पंजीयन कक्ष, कार्यालय, लैब, रिकॉर्ड रूम और लेबर रूम सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। मेडिकल ऑफिसर और स्टाफ के लिए एच एवं जी टाइप आवासगृह भी बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि उपलब्ध संसाधनों के अनुसार ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। शासन की स्वास्थ्य योजनाओं और जागरूकता कार्यक्रमों का लाभ भी ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।


### 58 पाव मदिरा जब्त

**विदिशा।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों पर आबकारी विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सिरोंज वृत्त की विभिन्न ग्राम पंचायतों से प्राप्त अवैध मदिरा संबंधी शिकायतों पर आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध मदिरा जब्त की तथा संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। ग्राम सरेंखो में लेखराज पिता प्रभुलाल अहिरवार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 10 पाव मदिरा जब्त की गई। इसी प्रकार ग्राम आमखेड़ा में भूरा पिता भगवान सिंह यादव के विरुद्ध कार्रवाई में 15 पाव मदिरा जब्त कर प्रकरण कायम किया गया। वहीं, ग्राम मुंडरा घाट में कोमल पिता रतन सिंह लोधी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 12 पाव मदिरा बरामद की गई। ग्राम झण्डवा में सोनू पिता मोतीलाल कुशवाह के विरुद्ध कार्रवाई में 10 पाव मदिरा जब्त कर प्रकरण कायम किया गया।

## लेंक्सेस इंडिया नागदा में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नागदा:** लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नागदा परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह में एसडीएम श्रीमती रंजना पाटीदार की उपस्थिति में यूनिट मैन्युफैक्चरिंग हेड श्री सुनील कुमार गुलाटी के साथ राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रगान हुआ।

इस अवसर पर श्री सुनील कुमार गुलाटी ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं राष्ट्र की रक्षा में बलिदान देने वाले वीरों को नमन करते हुए कर्मचारियों को स्वतंत्रता के मूल्यों, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान का संदेश दिया। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी दोहराया।



समारोह में हरविलास शर्मा, मैनेजर-एडमिन एवं सिक्योरिटी सहित कंपनी के अधिकारी, स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम निर्धारित प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा व्यवस्था के अनुरूप संपन्न हुआ। अंत में सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## अटल के 'राष्ट्र प्रथम' मंत्र से ही बनेगा विकसित भारत : मारुति

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 8वीं पुण्यतिथि पर रविवार को अटल उद्यान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।



नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल लोकप्रिय प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि ओजस्वी वक्ता, प्रखर पत्रकार, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राष्ट्र निर्माता थे। उनका जीवन राष्ट्रहित, सुशासन, ईमानदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि अटल जी का 'राष्ट्र प्रथम' का विचार आज भी देश को दिशा देने की क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि अटल सरकार ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण कार्य किए। किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं से किसानों को संस्थागत ऋण की सुविधा मिली। उन्होंने कहा कि किसान समृद्ध होगा तो राष्ट्र भी समृद्ध होगा, क्योंकि अर्थव्यवस्था की मजबूती का आधार किसान है।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने बदली गांवों की तस्वीर**

मारुति शिशिर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने लाखों गांवों को पक्की सड़कों से जोड़कर ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल दी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों का विस्तार हुआ। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा, सड़क, संचार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम, सुशासन, नैतिक राजनीति, दृढ़ नेतृत्व और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना अटल जी के जीवन का मूल मंत्र था। उनके आदर्श आज भी युवाओं और जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पंवार, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष महेंद्र परिहार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, पार्षद गौरव शर्मा, गोलू जाट, मेहरबान सिंह सराठे, पार्षद प्रतिनिधि समीन खान सहित नगर परिषद अधिकारी-कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नीलकंठ मुक्ति धाम में युवाओं ने किया श्रमदान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा :** ग्राम पंचायत नीलकंठ स्थित मुक्ति धाम में अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज युवा संगठन भैरूंदा एवं भिलटदेव समिति रुजनखेड़ी के युवाओं ने सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। युवाओं ने मुक्ति धाम परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। सामाजिक संगठनों की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की।

हालांकि, युवाओं के इस सामाजिक प्रयास के साथ ही सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव को लेकर पंचायत व्यवस्था पर सवाल भी उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मुक्ति धाम जैसे सार्वजनिक स्थल की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव स्थानीय पंचायत की जिम्मेदारी है। ऐसे में सामाजिक संगठनों के युवाओं को श्रमदान के लिए आगे आने की आवश्यकता क्यों पड़ी, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत नीलकंठ के सरपंच का गृह ग्राम भी नीलकंठ है। इसके बावजूद मुक्ति धाम की सफाई के लिए युवाओं को आगे आना पड़ा। हालांकि, पूरे मामले में ग्राम पंचायत का पक्ष भी महत्वपूर्ण है। पंचायत द्वारा मुक्ति धाम की साफ-सफाई और रखरखाव के लिए क्या व्यवस्था की गई है तथा वर्तमान स्थिति किन कारणों से बनी, इस संबंध में पंचायत का पक्ष सामने आना अपेक्षित है। ग्रामीणों ने कहा कि युवाओं द्वारा किया गया श्रमदान सराहनीय है और इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। वहीं पंचायतों को भी अपने दायित्वों का नियमित एवं प्रभावी ढंग से निर्वहन करना चाहिए। सामाजिक संगठनों का सहयोग पंचायत व्यवस्था का पूरक हो सकता है, लेकिन सार्वजनिक स्थलों की नियमित देखरेख की स्थायी जिम्मेदारी स्थानीय पंचायत की ही होनी चाहिए।

ग्रामीणों ने पंचायत से मुक्ति धाम की नियमित सफाई एवं रखरखाव के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय बनाकर सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने की मांग की है।